# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं

सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश

E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

क्र./आई.डी.एस.पी./2020/111 भोपाल, दिनांक 13/02/2020

प्रति,

1. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, म.प्र.।
2. समस्त सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, म.प्र.।

विषय :- नोवल कोराना वायरस 2019 **(COVID-2019)** बीमारी के सेम्पल लेने के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि हाल ही में चीन के हुबई राज्य के वुहान शहर में एक नये प्रकार का कोरोना वायरस (Novel corona virus **COVID-2019**) से निमोनिया के प्रकरण पाये गये है। कोरोना वायरस फैमिली के वायरस से सामान्य सर्दी-खांसी, MERS व SARS जैसी गंभीर बीमारियां होती है। यह बीमारी खांसने-छिकने, छुने व सम्पर्क करने से मनुष्य से मनुष्य में फैलती है। अतः चीन एवं 24 अन्य प्रभावित देशों से (जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, मलेशिया, कम्बोडिया, थाईलेंड, नेपाल, श्रीलंका, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, रूस, बेल्जियम, इंग्लेंड, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग, फिलीपींस, स्वीडन, इटली, स्पेन एवं फिनलेंड) आने वाले यात्रियों के Novel corona virus COVID-2019 बीमारी की जांच के सेम्पल के संबंध में :-

- 15 जनवरी 2020 के बाद चीन के हुबई प्रांत के वुहान शहर से आने वाले सभी यात्रियों का कोरोना वायरस (Novel corona virus COVID-2019) के लिये टेस्ट किया जावेगा।
- चीन के अन्य प्रांतों से एवं प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों में Novel Corona Virus (COVID-2019) बीमारी के लक्षण पाये जाने पर उन्हें आईसोलेशन वार्ड में भर्ती कर उनका सेम्पल लिया जावेगा।
- 15 जनवरी 2020 के बाद चीन तथा प्रभावित देशों से आने वाले सभी यात्रियों द्वारा सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म भरवाया जाए।
- भर्ती मरीजों के लिए Director General of Health Services (DGHS) द्वारा तैयार डिस्चार्ज प्रोटोकाल के अनुरूप ही डिस्चार्ज किया जावे।

निरंतर......

सेम्पल लेने पर पूर्व में दिये गऐ निर्धारित प्रपत्र में उसकी जानकारी राज्य सर्विलेंस इकाई को तत्काल भेजी जाऐं।

**(डॉ.वीणा सिन्हा)**
अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.
**भोपाल, दिनांक......................**

**पृ.क्र. / आई.डी.एस.पी. / 2020 /**
**प्रतिलिपिः— कृपया सूचनार्थ एवं पालनार्थ।**

1. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल, म.प्र.।
2. आयुक्त स्वास्थ्य, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, सतपुडा भवन भोपाल, म.प्र.।
3. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
4. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
5. डीन शासकीय मेडिकल कॉलेज, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं सागर, म.प्र.।
6. समस्त जिला सर्विलेन्स अधिकारी / एपिडिमियोलॉजिस्ट म.प्र.।

अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.